# सौ फीसदी टीकाकरण

drishtiias.com/hindi/printpdf/100-vaccination-2

## चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2021 को चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि प्रतापगढ़ प्रदेश का ऐसा ज़िला बन गया है, जहाँ कोरोना वैक्सीन की प्रथम डोज़ शत-प्रतिशत लोगों को लगाई जा चुकी है।

## प्रमुख बिंदु

- चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रतापगढ़ ज़िले को राज्यस्तर से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले 6 लाख 52 हज़ार 61 लोगों को कोविड-19 का टीका लगाने के लिये लक्ष्य दिया गया था। इसके एवज में ज़िले में शनिवार को 6 लाख 52 हज़ार 869 लोगों को प्रथम डोज़ लगाई गई। इस प्रकार ज़िले में अब प्रथम और द्वितीय डोज़ लगवाने वाले लोगों की संख्या 9 लाख 71 हज़ार 841 हो गई है।
- प्रदेश में 16 जनवरी, 2021 को पहली बार हेल्थवर्कर/फ्रंटलाइन वर्कर को टीके लगाने का कार्य शुरू हुआ था। इसके बाद 1 मार्च, 2021 से 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को टीके लगाए जाने शुरू हुए। 1 अप्रैल, 2021 को 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण शुरू हुआ और 10 मई, 2021 को 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले लोगों का टीकाकरण वृहत् स्तर पर शुरू किया गया।
- आरसीएचओ डॉ. दीपक मीणा ने बताया कि महाभियान के लिये चिकित्सा विभाग की टीमों ने खतरों के बीच दुर्गम क्षेत्रों में पहुँचकर टीकाकरण अभियान चलाया। बारिश और नदी में नाव के माध्यम से टीकाकरण कर्मी लोगों तक पहुँचे और टीके लगाए।